भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.2745

जिसका उत्तर 17.03.2022 को दिया जाना है

तमिलनाडु में एन.एच.परियोजनाएं

2745. डॉ.डी.एन.वी.सेंथिलकुमार एस.:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान नए राजमार्गों के निर्माण के लिए तमिलनाडु सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) इन परियोजनाओं के लिए कब तक मंजूरी दिए जाने और निधियां जारी किए जाने की संभावना है;

(घ) क्या राज्य में कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग (एन.एच.) परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ड.) इन लंबित परियोजनाओं को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) यह मंत्रालय देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए प्राथमिक रूप से जिम्मेदार है जो एक सतत प्रक्रिया है। विकास के प्रस्तावों को उनकी योग्यता, परस्पर प्राथमिकता और निधि की समग्र उपलब्धता के आधार पर लिया जाता है।

(घ) और (ड.) तमिलनाडु राज्य में 35 राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं में विभिन्न कारणों से देरी हुई जैसे कि बारो अर्थ के दोहन के लिए अनुमति में देरी/अनुमति न मिलना, कोविड के कारण देरी, भूमि अधिग्रहण में देरी, वन और पर्यावरण मंजूरी, उपयोगिता सेवाओं का स्थानांतरण, ठेकेदारों द्वारा कार्यों की धीमी प्रगति आदि। सभी संबंधित अधिकारियों के समन्वय से इन परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

*****